# हाथीनाला में भीषण हादसा, ट्रकों की टक्कर में दो जिंदा जले

## आग इतनी जल्दी फैली की ड्राइवर और खलासी भी अपने आप को नहीं बचा सके

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर, 12 अप्रैल। हाथीनाला थाना क्षेत्र के हथवानी गांव के समीप वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर शनिवार की शाम लगभग 5 बजे दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई, जिससे उनमें सवार दो लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और देखते ही देखते उनमें आग फैल गई। हादसे में ट्रकों में सवार ड्राइवर और खलासी फंस गए। सूचना मिलते ही हाथीनाला और रेणुकूट पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। काफी प्रयास के बाद एक ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिसे गंभीर हालत में हिंडाल्को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

वहीं दो अन्य लोग बुरी तरह फंसे होने के कारण जिंदा जल गए। एक अन्य खलासी के भी वाहन में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन ट्रक पूरी तरह जल जाने और क्षतिग्रस्त होने के कारण उसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, सीओ पिपरी हर्ष पांडेय और सीओ ओबरा अमित कुमार के साथ कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई है । आग बुझाने के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट, चोपन फायर स्टेशन और हिंडाल्को की दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### एक ट्रक में 200 लीटर दूध के पैकेट लदे हुए थे

बताया जा रहा है कि रेणुकूट की ओर से जा रही हाईवा में राख लदी थी, जबकि सामने से आ रहे ट्रक में अमूल कंपनी का दूध 200 मिलीलीटर के पैकेट भरा हुआ था, जो हादसे के बाद सड़क पर बिखर गया। दुर्घटना के बाद मार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस ने मुर्धवा मोड़ पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों को दुद्धी मार्ग की ओर डायवर्ट कर दिया है। फिलहाल मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



# गेरुआ गांव के तालाब में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 12 अप्रैल, जिले के सिहावल जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम गेरुआ में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक बड़े तालाबनुमा खाई के पास मगरमच्छ दिखाई देने से पूरे गांव में डर का माहौल बन गया।**

रविवार सुबह करीब 8.30 बजे यह घटना सामने आई, जिसके बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग अपने मवेशियों व बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। वही गांव के पुष्पेंद्र साकेत ने बताया कि वह रोज की तरह अपने मवेशियों को चराने के लिए बाहर निकले थे। इसी दौरान जब मवेशी पानी पीने के लिए तालाब के पास पहुंचे, तो वे अचानक घबराकर भागने लगे। इस असामान्य व्यवहार को देखकर जब उन्होंने पास जाकर देखा, तो पानी के किनारे एक मगरमच्छ बैठा हुआ दिखाई दिया। यह नजारा देखकर वे हैरान रह गए और तुरंत गांव में सूचना दी। इसकी सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और मगरमच्छ को देखकर भयभीत हो उठे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी इस क्षेत्र में मगरमच्छ देखे जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।

### मगरमच्छ का रेस्क्यू करने की गुजारिश

गेरुआ गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर सोन घड़ियाल टीम भेजकर मगरमच्छ का रेस्क्यू किया जाए, ताकि किसी बड़ी घटना से बचा जा सके। वहीं इस पूरे मामले में संजय टाईगर रिजर्व क्षेत्र के डीएफओ राजेश कन्ना टी का कहना है कि उन्हें अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और टीम को मौके पर भेजकर मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़ा जाएगा।



# 11 हजार हाईटेंशन लाइन से गिरी चिनगारी, दुकान खाक

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 12 अप्रैल, जिले के चुरहट थानांतर्गत ग्राम चिलरी कला में रविवार सुबह करीब 11 बजे 11 हजार हाईटेंशन लाइन से गिरी चिनगारी में एक दुकान खाक हो गई। पीड़ित मोतीलाल पटेल के मुताबिक उनकी किराना, सब्जी और कोल्डड्रिंक की दुकान में अचानक आग भड़क उठी और लाखों रुपए का सामान खाक हो गया।**

मोतीलाल पटेल ने बताया कि उनकी दुकान रेलवे निर्माण कार्य के पास, मोड़ के किनारे स्थित थी, जहां आसपास लोगों की आवाजाही भी बनी रहती है। ऊपर से गुजरी बिजली विभाग की 11 हजार वोल्ट की लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और एक बड़ी चिंगारी नीचे गिरी। शुरुआत में किसी को अंदाजा नहीं हुआ लेकिन कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। उन्होंने कहा कि आग इतनी तेजी से फैली कि संभलने का मौका तक नहीं मिला।

दुकान में रखा किराना सामान, सब्जियां, कोल्डड्रिंक और हाल ही में खरीदा गया नया फ्रिज सब कुछ जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। अनुमान के अनुसार करीब 5 से 6 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित मोतीलाल पटेल ने यह भी बताया कि आग सिर्फ दुकान तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि आसपास के एक-दो खेतों में खड़ी किसानों की फसल भी इसकी चपेट में आ गई, जिससे किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## एक से शादी दूसरे से प्यार फिर तीसरी से शादी की तैयारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 12 अप्रैल, सिटी कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है. युवक ने युवती को ना सिर्फ शादी का झांसा दिया बल्कि शारीरिक शोषण भी किया है. प्रेमिका की शिकायत के बाद पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है.**

बताया जा रहा है कि आरोपी पहले से शादीशुदा है लेकिन पत्नी से झगड़ा करने के बाद आरोपी ने पीड़िता के साथ शादी का वादा किया था.

जिसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद अब तीसरी लड़की के साथ शादी करने की तैयारी कर रहा था, जिसके मंसूबों पर पुलिस ने पानी फेर दिया. मामले को लेकर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने बताया है कि आरोपी सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में विभिन्न प्रकार के किरदार निभाता है. वही जबलपुर की रहने वाली युवती भी इसी तरह के कार्यक्रमों में भाग लेती है.

### पीड़िता का आरोप आरोपी दूसरी शादी की फिराक में

बताया गया की फ़ोर्ट रोड निवासी आरोपी करन खटिक की मुलाकात पीड़िता से ऐसे ही कार्यक्रम के दौरान हुई थी जहां आरोपी के द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया. जब पीड़िता को पता चला कि आरोपी कहीं और शादी करने की फिराक में है तब उसके द्वारा अपने प्रेमी से बात की गई, लेकिन उसने शादी से इनकार कर दिया. जिसके बाद जबलपुर में रहने वाली पीड़िता के द्वारा आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई. फिलहाल पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही पीड़िता का मेडिकल परीक्षा भी कराया गया हैं.

# आशा के गाए गीत हमेशा देते रहेंगे प्रेरणा : शुक्ल

## श्रीमती भोंसले के निधन पर उप मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने संगीत जगत की अनुपम स्वर साधिका श्रीमती आशा भोंसले के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है।**



उन्होंने कहा कि यह समाचार अत्यंत पीड़ादायक है और भारतीय संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आशा भोंसले की अद्वितीय गायकी, भावपूर्ण स्वर और बहुमुखी प्रतिभा ने भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाई। उनकी आवाज ने अनगिनत पीढ़ियों के हृदय में स्थायी स्थान बनाया है और उनके गीत सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका निधन केवल एक महान कलाकार का नहीं, बल्कि एक युग के अंत के समान है। संगीत जगत में उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने और शोक संतप्त परिजन और असंख्य प्रशंसकों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक, खाते से 58 हजार पार

## फोन कॉल के जरिए ठग ने की फर्जी कटौती, एसपी से शिकायत

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 12 अप्रैल। जिले में साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। बैढ़न क्षेत्र के निवासी राजकुमार सोनी ने एसपी को लिखित आवेदन देकर बताया कि उनके भारतीय स्टेट बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कॉल के माध्यम से 58 हजार रुपये की फर्जी निकासी कर ली गई।**

शिकायत के अनुसार 7 अप्रैल को दोपहर करीब 2:20 बजे मोबाइल नंबर 9007567403 से एक कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बैंक संबंधी जानकारी लेकर कथित रूप से खाते से राशि कटवा ली। पीड़ित ने बताया कि उस समय खाते में करीब 58 हजार 500 रुपये शेष थे, जिसमें से 58 हजार रुपये की फर्जी ट्रांजेक्शन कर ली गई। पीड़ित ने जब बाद में सामान खरीदने के लिए मोबाइल पेमेंट करने का प्रयास किया, तब बैलेंस कम होने की जानकारी मिली। इसके बाद बैंक खाते की जांच करने पर साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया। युवक ने तत्काल संबंधित बैंक शाखा और पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। आवेदन में आरोपी के मोबाइल नंबर और खाते की जानकारी भी पुलिस को सौंपी गई है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर राशि वापस दिलाने तथा आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस एवं साइबर सेल मामले की जांच में जुट गई है।

# बूढ़ी माई मंदिर समेत अन्य चोरी का हुआ खुलासा

## मोरवा पुलिस की कार्रवाई, दो चोर आरोपी गिरफ्तार, पुलिस का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 12 अप्रैल। बीते दिनों मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ी माई मंदिर एवं एक आवास में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है।**



इन मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया है। वहीं बूढ़ी माई मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा करने वाले एसडीओपी एवं टीआई मोरवा तथा अन्य पुलिस को पुजारी समेत अन्य गणमान्य नागरिको ने सम्मानित किया है। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल की दोपहर अज्ञात चोरों ने मंदिर में प्रवेश कर देवी मां के चरण पादुका सहित अन्य सामान चोरी कर लिया था। घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया था और लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक कपूर त्रिपाठी ने धारा 305(ए)331(3) बीएनएस कायम कर आरोपियों की तलाश में विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने जांच शुरू करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की। जांच के दौरान पुलिस ने मंदिर के आसपास संदिग्ध तौर पर घूमने वाले आकाश पनिका उम्र 20 वर्ष निवासी को हिरासत में लिया, जिसने पूछतांछ में मंदिर से चरण पादुका एवं थाल चोरी करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर चोरी गया सामान बरामद किया गया। इसी प्रकार एक अन्य मामले में आदतन अपराधी विकास बाल्मिक उम्र 22 वर्ष निवासी आजाद चौक को गिरफ्तार किया गया, जिसने बीते दिनों एचबी 202 एनसीएल कॉलोनी में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उसके पास से भी चोरी का सामान बरामद किया गया। मोरवा पुलिस ने दोनों मामलों में कुल लगभग 1 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। वहीं आस्था का केंद्र बूढ़ी माई मंदिर में चोरी की घटना का खुलासा होने से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। इस कार्रवाई में निरीक्षक कपूर त्रिपाठी के साथ सउनि सुनील दुबे, उमेश अग्निहोत्री, प्रवीण मरावी, संतोष सिंह, संजीत सिंह, प्रआर श्यामसुंदर बैस, त्रिभुवन मिश्रा, अर्जुन सिंह, रामकुमार बागरी, आर संजीव सिंह, तुलसीराम मालीवाड, ऋषि सिंह एवं अरविंद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मंदिर समिति ने टीआई को किया सम्मानित

बूढ़ी माई मंदिर में माँ का चरण पादुका सहित अन्य पूजन सामग्री को पिछले दिनों गुरूवार एवं शुक्रवार की मध्य रात अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। मोरवा थाना प्रभारी टीआई कपूर त्रिपाठी ने चोरों की पतासाजी के लिए टीम गठित किया, जहां घटना सूचना के 24 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा करने में सफल रहा। मोरवा पुलिस के इस कार्रवाई पर मंदिर समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह समेत अन्य ने एसडीओपी गौरव पाण्डेय, टीआई कपूर त्रिपाठी के साथ-साथ विवेचना टीम में शामिल अन्य पुलिस सेवको को स्मृति चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित करते हुये कहा कि पुलिस की यह कार्य सराहनीय रहा है। जो चोरों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है।

### टूसाखांड़ गांव में पकड़ी गई भारी मात्रा देशी-विदेशी में शराब

**सिंगरौली 12 अप्रैल।** सासन पुलिस चौकी क्षेत्र के आज टूसाखांड गांव में बोलेरो में लदी भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब को ग्रामीणों ने बरामद करते हुये पुलिस को सौपा हैं। वहीं इस दौरान ग्रामीण कथित युवको ने शराब कारोबारियों के साथ जमकर मारपीट भी की है। मामला पुलिस चौकी में पहुंचा हुआ है। चर्चा है कि पुलिस दोनों पक्षों पर कार्रवाई कर रही है। दरअसल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैढ़न-देवसर क्षेत्र में देशी-विदेशी शराब की अवैध बिक्री जोर-शोर से चल रहा है।

# शाहपुर पुलिस ने नहर में डूबते बेजुबान चीतल की बचाई जान

## बाद में चीतल को वन विभाग अमले के सुपुर्द किया

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 12 अप्रैल, शाहपुर क्षेत्र में पुलिस का एक संवेदनशील और मानवीय चेहरा सामने आया. ग्राम भेलोडी बकिया चचाई नहर में गिरे एक नर चीतल को सुरक्षित बचाकर पुलिसकर्मियों ने साबित कर दिया कि वर्दी के भीतर एक संवेदनशील हृदय भी वास करता है.**

घटना दोपहर की है जब एक 3 वर्षीय नर चीतल अनियंत्रित होकर गहरी नहर में गिर गया. सूचना मिलते ही स.उ.नि. संतोष पाण्डेय, आरक्षक विकास मिश्रा और चालक निर्मल सिंह की टीम मौके पर पहुँची. बेजुबान प्राणी को संकट में देख पुलिस टीम ने तत्परता दिखाई और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से नहर के पानी में उतरकर चीतल को सुरक्षित बाहर निकाला. कठिन परिस्थितियों में भी पुलिस और स्थानीय लोगो ने जिस धैर्य और संवेदना के साथ इस रेस्क्यू को अंजाम दिया गया, वह सराहनीय है. नहर से सुरक्षित निकालने के बाद चीतल को पुलिस चौकी लाया गया, जहाँ उसे प्राथमिक राहत प्रदान की गई. सूचना के बाद पहुंची वन विभाग की टीम सौंप दिया गया.



# बहरी पुलिस ने स्मैक के साथ 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 12 अप्रैल, केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त भारत अभियान के तारतम्य में पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बहरी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कड़ा प्रहार किया है।**



पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 03 शातिर नशा सौदागरों को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। नशे की जड़ पर प्रहार करने के उद्देश्य से गठित पुलिस टीम को मिली सूचना के आधार पर ग्राम परसवार गोडाही तिराहा पर पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी कर मौके से तीन संदिग्धों को पकड़ा, जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से घातक मादक पदार्थ स्मैक (हेरोइन) बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 1 लाख 37 हजार 200 रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की है। जब्ती में नशीला पदार्थ 15 ग्राम 41 मिलीग्राम स्मैक कीमत लगभग 45 हजार रुपये, तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी एमपी53 जेडसी 5460, एक इलेक्ट्रॉनिक मिनी तराजू एवं 03 एंड्रॉइड मोबाइल फोन शामिल हैं।

### पकड़े गए आरोपियों पर मामला दर्ज

पकड़े गए आरोपी राजू सिंह पिता उदयभान सिंह 49 वर्ष निवासी मिर्जापुर (उ.प्र.), रूपेश द्विवेदी पिता दिवाकर प्रसाद द्विवेदी 38 वर्ष निवासी सीधी एवं मनमोहन सिंह चौहान पिता आरएन सिंह 30 वर्ष निवासी पुलिस लाइन, सीधी शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21, 22 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब इन आरोपियों के नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बहरी निरीक्षक राजेश पांडेय, सउनि अविनेश चौधरी, प्रआर रामसुन्दर साकेत, आरक्षक राजकमल भुर्तिया, चैतन्य मिश्रा और संदीप गुर्जर की मुख्य भूमिका रही।

# कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण, किसानों की सुविधाओं पर विशेष जोर

## आदर्श उपार्जन केन्द्र बनाने के निर्देश, बेहतर कार्य पर मिलेगा 'स्टार ऑफ द मंथ'

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 12 अप्रैल, रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर विकास मिश्रा ने 12 अप्रैल को विभिन्न उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अमरवाह, चुरहट (बीओटी गोदाम कठौतहा), सेमरिया एवं सांडा उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 अप्रैल से 12 मई 2026 तक निर्धारित उपार्जन अवधि में केन्द्रों पर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक भौतिक एवं तकनीकी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन कार्य सप्ताह में पांच दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा तथा तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जाएगी। उन्होंने केन्द्रों पर हाई-स्पीड इंटरनेट, निर्बाध विद्युत या जनरेटर, कंप्यूटर-प्रिंटर, स्कैनर, यूपीएस एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही किसानों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, पेयजल, शौचालय, छाया, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य जनसुविधाओं को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

### आदर्श केन्द्र विकसित करने की पहल

कलेक्टर ने प्रत्येक तहसील में दो उपार्जन केन्द्रों को आदर्श केन्द्र के रूप में विकसित करने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले केन्द्र प्रभारियों एवं ऑपरेटरों को 卐स्टार ऑफ द मंथ卐 के रूप में चयनित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### गुणवत्ता एवं पारदर्शिता पर जोर

कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों पर गुणवत्ता परीक्षण के उपकरण जैसे एनालॉग मॉइश्चर मीटर, ब?ा छनना, पंखे एवं परखी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सूचना पटल पर उपार्जन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी, गुणवत्ता मानक, भुगतान प्रक्रिया एवं टोल-फ्री नंबर प्रदर्शित करने को कहा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से तिरपाल, ड्रेनेज व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, रेत, बाल्टी एवं फर्स्ट-एड बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99